4JAN - janj bhoomi-PG-1_Layout 1 4/4/2025 10:02 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 5 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



गांजा तस्करी कर रहे इनोवा सवार दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

4





## खबर संक्षेप

### जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पामगढ़।** रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 81 सौ रुपए नगदी, 4 मोबाइल व 6 बाइक की जब्ती बनाई है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को पामगढ थाना अंतर्गत ग्राम बारगांव के बंधवा तालाब के पास कुछ जुआडियान रूपये पैसे का दाव लगाकर तास पत्ती से जुआ खेल रहे थे। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर शिवकुमार कश्यप, जितेन्द्र कश्यप, दीपक लहर, संतोष कुमार, भूपेन्द्र साहू, रामनाराय, खेदू राम को जुआ खेलते पकडा। आरोपियों के खिलाफ छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**पामगढ़।** कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना के आधार पर 2 अप्रैल को ग्राम चण्डीपारा निवासी संतोष जायसवाल पिता स्व. सुखीराम जायसवाल उम्र 51 वर्ष के कब्जे एक पीला रंग के बोरी में रखा 85 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 180-180 मिली भरा हुआ कुल 15.300 लीटर अवैध कच्ची महुआ के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से थाना पामगढ़ में धारा 34(2)आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### मशीन से महानदी का सीना कर रहे छलनी, रातों-रात परिवहन

# रेत माफिया के लिए जन्नत साबित हो रहा सीमावर्ती क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-बिर्रा

जांजगीर से अलग होकर बने सक्ती जिले का सीमावर्ती क्षेत्र इन दिनों रेत माफियाओं के लिए जन्नत साबित हो रहा है। दरअसल सक्ती जिले में एकमात्र रेत घाट वैध है, बाकी अवैध घाटों से रेत का उत्खनन और परिवहन निर्बाध गति से हो रहा है। खास करके जांजगीर चांपा जिले से लगे महानदी के करही घाट पर माफिया मशीन से महानदी का सीना छलनी कर रहे है और रातों रात परिवहन हो रहा है।

गौरतलब है कि नवगठित जिला सक्ती में वैसे तो गिनती के रेत घाट वैध रूप से संचालित थे, लेकिन वर्तमान में एकमात्र डभरा ब्लाक के खुरघटी रेत घाट को अनुमति मिली है। बाकी के प्रस्ताव लंबित है। ऐसे में प्रस्तावित घाटों के अलावा अन्य अवैध घाटों पर भी रेत के उत्खनन और परिवहन का सिलसिला निर्बाध गति से जारी है। सबसे ज्यादा उत्खनन और परिवहन महानदी में हो रहा है। बताया जाता है कि यहां सक्ती जिला के सीमावर्ती क्षेत्र करही महानदी घाट पर माफियाराज पूरी तरह से हावी है। यहां 24 घंटे रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का काम होता है। बड़ी बड़ी मशीने लगाकर माफिया महानदी का सीना चीर रहे है। इसके बाद भारी भरकम वाहनों में रेत को भरकर परिवहन करने का काम होता है। बताया जाता है कि महानदी करही घाट से कुछ ही दूरी पर रेत को डंप करते है। इसके बाद परिवहन होता है।

सक्ती जिले के हसौद थाना क्षेत्र के करही, मालखरौदा क्षेत्र के डोटमा, मिरौनी, मरघट्टी, औरदा, भेड़ीकोना, भड़ोरा सहित डभरा क्षेत्र के कई रेत घाटों को शासन के द्वारा मंजूरी नहीं मिल पाई है। इन सबके बावजूद इन क्षेत्रों में अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इसे लेकर जिम्मेदार खनिज विभाग का अमला कार्रवाई तक नहीं कर पा रहा है। वहीं यहां महज एक रेत घाट के संचालन की अनुमति है।

### सक्ती जिले के करही क्षेत्र में नहीं थम रहा अवैध उत्खनन



करही में चल रहा रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन।

### नीचे गाड़ी खडी कर पुल ऊपर से करते लोड-अनलोड

रेत माफियाओं के द्वारा ग्राम पंचायत किकिरदा और ग्राम करही के मध्य में स्थित नाला के पुल को लोड अनलोड करने का बड़ी ठिकाना बनाया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक नदी से ट्रैक्टरों में लोड करके लाए गए रेत को पुल के नीचे खड़ी भारी भरकम गाड़ियों पर अनलोड किया जाता है। इसके लिए ऊपर बने पुल के रेलिंग को भी तोड़ दिया गया है। रेत माफिया इस पुल के नीचे हाईवा वाहन को खड़े करके ट्रैक्टर ट्राली से पुल के ऊपर से रेत को नीचे गिराते हैं और हाईवा में लोड करते हैं। हाईवा भारी वाहन के लगातार चलने से यह पुल काफी जर्जर हो चुका है। रोजाना इस पुल से राहगीर हजारों की संख्या में दूर दूर से आते जाते हैं। यहां के ग्रामीणों ने नाला के ऊपर बने पुल को बचाने की मांग भी की हैं।

### की जाएगी कारवाई

जिले में एक रेत घाट के संचालन को मंजूरी मिली है। बाकी जगहों पर यदि अवैध रूप से रेत का उत्खनन व परिवहन हो रहा है, तो मामले में कार्रवाई करेंगे।

-के.के. बंजारे,
खनिज अधिकारी, सक्ती

# गरीबों के हक पर डाका, 17 लाख के राशन का गबन, दो गिरफ्तार

### पामगढ़ ब्लाक के ग्राम भंवतरा का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




शासकीय उचित मूल्य की दुकान में गरीबों को वितरण करने के लिए प्राप्त चॉवल, शक्कर, मिट्टी तेल सहित 17 लाख से अधिक की राशन सामग्री गबन करने के मामले में पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक और विक्रेता को गिरफ्तार किया है।

ज्ञात हो कि शासकीय पीडीएस दुकान का संचालन माता महिला स्व सहायता समूह भवतरा के व्दारा किया जा रहा था। काल सेंटर से प्राप्त शिकायत की जांच 2018 को खाद्य निरीक्षक पामगढ़ द्वारा किया गया था। जिसमें उक्त दुकान संचालक द्वारा चावल 478.54 क्विंटल, शक्कर 16.27 क्विंटल, नमक 29.04 क्विंटल व केरोसिन 1357 लीटर कुल राशि 17 लाख 37 हजार का गबन किया जाना पाया गया। जांच उपरांत खाद्य निरीक्षक द्वारा उक्त दुकान के संचालक अध्यक्ष व सचिव एवं विक्रेता के विरुद्ध प्रकरण बनाकर पामगढ़ एसडीएम कार्यालय के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। चूंकि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालनकर्ता एजेंसी अध्यक्ष व सचिव माता महिला स्व. सहायता समूह ग्राम भंवतरा एवं लालाराम कश्यप तत्कालीन विक्रेता द्वारा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश, 2016 की कण्डिका 15, 16 (1), 16(3), 16(5), 16(7), 16(8) का उल्लंघन किया गया है। मामले में कार्रवाई करते आरोपी दुकान संचालक महिला एवं तत्कालीन विक्रेता लालाराम कश्यप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## खेल मैदान से अतिक्रमण हटवाने ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

**जांजगीर-चांपा।** खेल मैदान के लिए प्रस्तावित जमीन पर अतिक्रमण करके मकान एवं बाडी बना दिया गया है। जिसके चलते गांव के खिलाडियो को खेल मैदान का लाभ नही मिल पा रहा है। ऐसे में ग्रामिणो ने खेल मैदान को सुरक्षित रखने के लिए कलेक्टर से फरियाद लगाई है। मामला नवागढ थाना क्षेत्र के ग्राम नेगुरडीह का है।

नवागढ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नेगुरडीह के खसरा नंबर 644 को खेल मैदान के लिए करीब 15 साल पहले से ही सुरक्षित रखा गया है, लेकिन इस जमीन पर गांव के ही एक ब्यत्ति के द्वारा मकान एंव बाडी बना दिया गया है। जिसके चलते 6 गांव के खिलाडियो को खेल मैदान का लाभ भी नही मिल पा रहा है। वही खेल समिति से जुडे लोगो के द्वारा अतिक्रमण करने वाले ब्यत्ति को इस मामले को लेकर कई बार समझाइश दिया गया। इसके बदले उनके द्वारा खिलाडियो को जान से मार देने की धमकी भी दी जा रही है। इस मामले को लेकर ग्रामिण कलेक्ट्रोरेट पहुंचे। इस बीच कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर मामलो में कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन सौपने वालो मे परस कश्यप, देवानंद, राजेश कुमार,संतोष कुमार, रामेश्वर कश्यप, रामप्रसाद, जेठुराम, परमेश्वर, बुधराम, जवाहर लाल कश्यप कृष्ण कुमार, लीलाराम, बिष्णु कश्यप, संजय कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।







## खबर संक्षेप

### नगर व अंचल में आस्था के दीपों से जगमगाए देवी मंदिर



**देवरी-सारागांव।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर पंचायत और ग्रामीण अंचल के देवी मंदिरों में भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की जा रही है। 6 अप्रैल तक चलने वाले इस पर्व के दौरान श्रद्धालु भक्तगण मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलित कर माता की आराधना कर रहे हैं। ग्राम देवरी के प्रमुख देवी मंदिरों मां चंडी दाई मंदिर, भगवती दाई मंदिर, नौ दुर्गा मंदिर, ठाकुर देव और बजरंग बली मंदिर में घट स्थापना कर श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से पूजा की जा रही है। वहीं नगर पंचायत सारागांव के माता चौरा, गायत्री मंदिर, मुरकट्टी दाई, शनि देव मंदिर, शीतला माता, मनका दाई और ठाकुर देव मंदिर में भी भक्तजनों ने ज्योत कलश स्थापित कर देवी की आराधना की जा रही है। मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है, जिसमें रंग-बिरंगी रोशनी की झालरें और फूलों की आकर्षक सजावट शामिल है। इस धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालु भजन-कीर्तन कर माता का गुणगान कर रहे हैं। कई स्थानों पर भागवत महापुराण का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे भक्तों में विशेष उत्साह है। नवरात्रि पर्व की विशेष पूजा ग्राम अमरूवा, सोनियापाठ, कुम्हारीखुर्द, कुम्हारीकला, कड़ारी, हनुमंता, लछनपुर, बाघौदा, पचोरी और चोरिया सहित अन्य गांवों के देवी मंदिरों में भी विधिवत पूजा चल रही है। श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से पूरा अंचल भक्तिमय वातावरण में रंगा हुआ है। हर ओर जयकारों की गूंज और भक्ति रस से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिल रहा है।

### नवरात्रि पर जगह-जगह हो रहा जगराता, अष्टमी पर होगी महागौरी की पूजा

# सप्तमी पर देवी मंदिरों में दर्शन करने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवरात्र पर्व के सप्तमी के दिन अंचल के प्रसिद्ध मां मनका दाई मंदिर में सुबह से भक्तों की लंबी कतार लगी रही। सुबह से देर रात्रि तक हजारों श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और मनोकामना मांगी।

देवी मंदिरों में 30 मार्च से घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किये गये है और पहले दिन से ही माता के दर्शन के साथ ज्योति कलश दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सप्तमी को मंदिर में विशेष भीड़ लगी रही। शुक्रवार 4 अप्रैल को सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार दर्शन के लिए लगी रही तथा देर रात तक मंदिरों में माता जस गीत मांदरों की ताप के साथ गुंजती रही। नवरात्र के प्रथम दिन से रतजगा के साथ मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना की जा रही है। अंचल की मुख्यतः दुर्गा दाई, मड़वारानी, मनका दाई, त्रिपुर सुंदरी, महामाया, चन्द्रहासनी, बुढ़ी माई, सम्लेश्वरी देवी, डिंडेश्वरी देवी मंदिरों सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में सुबह से दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में मत्था टेक मनोकामना की। जगह-जगह धार्मिक आयोजनों से नौ दिनों का वातावरण श्रद्धा एवं भक्ति से ओतप्रोत रहेगा। चंद्रपुर में चंद्रहासिनी मंदिर, बनारी में मां मनका दाई मंदिर, मदनपुरगढ़ में मनका माई, औराईकला में सती दाई, जांजगीर में देवी दाई, गायत्री मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ, काली मंदिर चंदनिया पारा, मां काली दरबार पुरानी बस्ती जांजगीर एवं शारदा, महमदपुर में मां महामाया, घाटाद्वारी में मां त्रिपुरसुंदरी, महंत में चण्डी दाई, हरदी में मां महामाया देवी सहित चांपा, शिरीष पाठ मंदिर डोंगाकोहरौद, नवागढ़, बलौदा, शिवरीनारायण, छपोरा, सिवनी नैला, बाराद्वार, अड़भार, तागा, बगड़बरी, सलखन, भडेसर, सारागांव के देवी मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किये गये हैं, जहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।



मां मनकादाई मंदिर खोखरा में लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

### नवरात्र पर्व पर ट्रेनें ठसाठस

नवरात्र पर्व में ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ अधिक हो गई है। नवरात्रि का पर्व होने से आसपास क्षेत्रों से रतनपुर, डोगरगढ़, मड़वारानी जाने वाले श्रद्धालुओं से ट्रेनो में भीड़ बढ़ गई है। नवरात्रि पर्व के आने से ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। नवरात्रि पर्व पर लोग पूजा-अर्चना के लिए आसपास के प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन के लिए जाते है। नवरात्र के पहले दिन से ही ट्रेनों में ठसाठस भीड़ चल रही है। डोगरगढ़, मड़वारानी, रतनपुर जाने वाली लोकल ट्रेन में भीड़ ठसाठस भरी रहती है। यही हाल एक्सप्रेस ट्रेनों का भी है। नवरात्रि पर्व आते ही लोकल ट्रेन के साथ एक्सप्रेस ट्रेनों लेटलतीफ चल रही है। यात्री समय से पूर्व स्टेशन पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें ट्रेनों का घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

### देवी मां की एक झलक पाने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

जांजगीर के पुरानी बस्ती स्थित मां देवी दाई मंदिर में नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। माता का दर्शन करने दूर दूर के भक्त पहुंच रहे है। देवी दाई मंदिर पुजारी पं. सुदीप उपाध्याय ने बताया कि यहां 30 मार्च को अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना के साथ नवरात्र प्रारभ किया गया एवं इसी दिन हिन्दू नववर्ष के अवसर पर 1100 दीप मंदिर प्रांगण के जलाया गया। साथ ही आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण किया गया। इस वर्ष मां देवी दाई मंदिर मे 394 तेल ज्योति कलश एवं 45 घृत ज्योति कलश एवं 30 सामूहिक ज्योति कलश मंदिर में मनोकामना हेतु प्रज्वलीत किया गया है। साथ ही 5 अप्रैल को हवन एवं 6 अप्रैल को कुंवारी भोज एवं ज्वारा विसर्जन के साथ चैत्र नवरात्र का समापन होगा। नवरात्र पर्व के अवसर पर माता का एक झलक पान सुबह से शाम तक यहां भक्तों का रेला लगा रहताहै। ऐसी मान्यता है कि जो भक्त माता का विधि विधान से पूजा अर्चना करता है उसकी सभी मनोकामना पूरी होती है।




### सिवनी के संतोषी मंदिर में लगा मेला

संतोषी माता सनातन धर्म में एक देवी है, जो भगवान शंकर तथा देवी पार्वती की पौत्री है गणेश जी एवं रिद्धि सिद्धि की पुत्री होकर ग्राम सिवनी में विराजित है। माता संतोषी का भव्य मंदिर ग्राम सिवनी में बना हुआ है, जिसमें नवदुर्गा के साथ विराजित है। यहां नवरात्र पर्व के अवसर पर मेला लगा हुआ है। माता संतोषी की पूजा करने से संतोष का प्रवाह होता है। संतोषी माताकी महिमा अपार हे, यहां जो भी भक्त माता के दर्शन करने आते है उनकी मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। माता के सोलह शुक्रवार की जो भी व्यक्ति उपवास रखते है उनको मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। निःसंतान दंपत्तियों द्वारा श्रद्धा भक्ति पूर्वक उपवास रखने से संतान की प्राप्ति होती है। नवरात्रि के पावन अवसर पर सिवनी नैला स्थित संतोषी माता मंदिर में मेला लगा हुआ है। यहां शुक्रवार को माता के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु लोट मारते आते है। समिति के संरक्षक राजेश राठौर, महारथी चौहान, अध्यक्ष अधिवक्ता शरद राठौर, कोषाध्यक्ष राधेश्याम राठौर, सचिव धर्मेन्द्र बरेठ, सहसचिव सुकेश शर्मा, उपाध्यक्ष आनंदराम राठौर सहित सदस्य जुटे हुए है।



### मां शिरीष पाठ मंदिर में प्रज्जवलित हो रहे आस्था के दीप

**डोंगाकोहरौद।** पामगढ़ क्षेत्र की प्रमुख देवी मंदिर शिरीष पाठ में 30 मार्च को घट स्थापना के साथ मनोकामना दीप प्रज्जवलित की गई है। इस वर्ष चैत्र नवरात्र में 355 भक्तो ने तेल ज्योत , 31 भक्तों ने घृत ज्योत व 4 ज्वारा ज्योत जल रहे है। शुभ मुहूर्त के अनुसार ज्योत जलाया गया जिसमें नवजागरण शिरीष कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष देवकुमार पाण्डेय , संरक्षक राधेश्याम कश्यप , सचिव जोहन पटवा, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण कश्यप , बरसन कश्यप , धनेंद्र कौशिक , माखन कश्यप , कलेश्वर पटेल,मंदिर पुजारी हरीलाल धीवर सहित ज्योत रक्षक रामलाल कौशिक नरहरी पटेल, गितेश कुमार सारथी, महेंद्र साहु , इंद्र पटेल, उपेंद्र कश्यप, लव पटेल , नूतन कश्यप सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे ।



## कई स्थानों में देवी दर्शन के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए राजेश्री

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज 4 अप्रैल चैत्र शुक्ल सप्तमी को अनेक स्थानों पर माता जगदंबा भवानी के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9:45 शिवरीनारायण मठ से रवाना होकर 10 बजे खरौद में मनका दाई, 10:30 बजे सलखन में चंडी दाई, 11:30 बजे ग्राम महंत में चंडी दाई एवं महंत कुटी के मानस पाठ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। दोपहर 12 बजे खोखरा में माता मनका दाई का दर्शन पूजन करके 12:30 बजे जांजगीर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा 2 बजे नवागढ़ में माता भगवती देवी अपराह्न 3 बजे बिर्रा में चंडी माता, कंकालिन दाई, महामाया देवी, शाम 4 बजे ग्राम केरा में चंडी देवी, महामाया माया देवी, ठाकुर देव के दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने माता दुर्गा भवानी के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन- पूजन के संदर्भ में अपने संदेश में कहा है कि - माता जगदंबा भवानी समस्त प्रकृति की जन्मदात्रि है। महामाया के रूप में वे संपूर्ण ब्रह्मांड की रचना करती हैं। श्री रामचरितमानस में उनकी स्तुति में गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने यहां तक लिखा है कि- भव- भव विभव पराभव कारिनि। विश्व बिमोहिनी स्ववश बिहारिनि।। जो भी श्रद्धालु भक्तजन नवरात्रि के पर्व में श्रद्धा भक्ति पूर्वक माता नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का दर्शन-पूजन करता है, सच्चे हृदय से उनकी आराधना एवं उपासना नियम पूर्वक पूर्ण करते हैं उन्हें मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में राजेश्री महन्त महाराज के साथ नगर निरंजन लाल अग्रवाल, देवालाल सोनी, मुख्तियार सुखराम दास, पूर्व जनपद सदस्य कमलेश सिंह तथा सुबोध शुक्ला, नगर पंचायत खरौद के अध्यक्ष गोविंद यादव, शरद शर्मा, हृदय कृष्ण साहू, एवं पार्षद गण, सलखन के सरपंच रामकृष्ण कश्यप,भरत कश्यप, जगदीश यादव, सीताराम दास जी महाराज, देवेश सिंह, अवधेश सिंह, इंग्लेश सिंह, धनाऊ किरण,राधे थवाईत, उपेंद्र तिवारी, कृष्णा प्रजापति, बसंत पवार, संतोष साहू, अजीज खान, दिलदार खान, रामखिलावन तिवारी, गीता राम तिवारी, ईश्वर देवांगन, एलडी आदित्य सहित अनेक गणमान्य नगरीक गण सम्मिलित हुए।



देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे महामंडलेश्वर राजेश्री महंत।

## मंदिरों में प्रज्जवलित हो रहे मनोकामना दीप, शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**बिर्रा।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम बिर्रा सहित अंचल के देवी मंदिरों में भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की जा रही है। 6 अप्रैल तक चलने वाले इस पर्व के दौरान श्रद्धालु भक्तगण मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलित कर माता की आराधना कर रहे हैं। अंचल सहित ग्राम बिर्रा में चैत्र नवरात्रि का महापर्व हर्षोल्लाह के साथ मनाया जा रहा है। श्रद्धालू गण शक्ति की भक्ति में लगे हुए हैं। मां चंडी मंदिर बिर्रा एवं अंचल के मंदिरों में विश्व-जनकल्याण हेतु चैत्र वासंती नवरात्रि का महापर्व 30 मार्च दिन रविवार से शुभारंभ हुआ है, जिसका समापन 6 अप्रैल रविवार को होगा। इस दौरान मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जा रहा है। आचार्य पं सुरेन्द्र कुमार दुबे हैं । नवरात्रि पर्व को लेकर जय मां चंडी विकास समीति बिर्रा एवं समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं। इसी तरह घिवरा, किकिरदा, करही, सिलादेही के अलावा क्षेत्र के गांवों में भी चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है। बिर्रा सहित क्षेत्र के मंदिरों में माता रानी की दर्शन पाने के लिए श्रद्धालुओं का सुबह शाम भीड़ लगा रहता है। सप्तमी के अवसर पर देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही। नवरात्र पर्व के अवसर पर श्रद्धालु भजन-कीर्तन कर माता का गुणगान कर रहे हैं।



## कल्याणपुर के अर्धनारीश्वर मंदिर में जगमगा रहे आस्था के दीप


**अकलतरा।** ग्राम कल्याणपुर स्थित अर्धनारीश्वर मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। भक्त बड़ी संख्या में दूर दूर से अपनी मनोकामनाएं लेकर अर्धनारीश्वर मंदिर आ रहे हैं। भक्त कहते है कि इस मंदिर में भगवान से मांगी गई मनोकामना पूरी होती है और हर तरह की बाधा और रुकावट दूर होती है। नवरात्रि पर्व में मंदिर में 190 तेल ज्योति कलश और 75 घृत ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। मंदिर को तोरण और झालर से सजाया गया है। मेलू भगत के मार्गदर्शन में पूजा अर्चना और अनुष्ठान सम्पन्न कराया जा रहा है।


















नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।